Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-03-2006
Participants : Manjhi Shri Rajesh Kumar

an>

Title : Need to provide special package for solving acute drinking water problem in Gaya district, Bihar.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में विशोकर गया जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में पीने के पानी का काफी अभाव है। यहां पर लोग स्वच्छ पानी के अभाव में संदूाित पानी को पीने के लिए मजबूर हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे तरह तरह की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। पीने के पानी की किल्लत को देखते हुए यहां लगने वाले पितृपक्ष मेला तथा कालचक्र में पर्यटकों को भारी कमी आयी है। फलस्वरूप, विदेशी मुद्रा राजस्व में भी कमी आयी है। गया एक अंतर्राट्रीय महत्व का धार्मिक एवं पर्यटक स्थल है।

ग्रामीण अंचलों में पीने के पानी की भारी किल्लत से पशु मर रहे हैं, जिसका सीधा असर कृाि पर पड़ रहा है।

इसलिए मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि बिहार राज्य के गया जिले के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए विशो पैकेज उपलब्ध करवाये।